**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

**मंगल मंदिर खोलो दयामय**

**मंगल मंदिर खोलो दयामय,**
**मंगल मंदिर खोलो ॥**
**मंगल मंदिर खोलो दयामय...**

**अति उत्कण्ठित दर्शन को जन,**
**खड़ा द्वार पर तेरे ।**
**महा मनोहर राम नाम में,**
**मूर्तिमान हरि होलो ॥१॥**
**मंगल मंदिर खोलो दयामय...**

**दो दिव्य दर्शन देव देव जी,**
**दया दृष्टि से देखो ।**
**उर लगा उत्संग में ले कर,**
**प्रेम सुरों से बोलो ॥२॥**
**मंगल मंदिर खोलो दयामय...**

**वरद वरतम कर को फिराओ,**
**सहित प्रेम पुचकारें ।**
**निज बालक में वत्सलता से,**
**स्नेह सुधा रस घोलो ॥३॥**
**मंगल मंदिर खोलो दयामय....**